

*मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने शिष्टाचार भेंट की।*

# पचास साल बाद अजमेर में फिर बाढ़ के हालात

## दरगाह परिसर में पानी भरा, चौरसियावास तालाब की पाल टूटने से अनेक कॉलोनियों के घरों में पानी भरा

- कोटड़ा में मंगलम अपार्टमैंट की दीवार ढहने से कई कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। पानी की तेज आवक से जर्जर दीवार ढही।
- पुष्कर रोड पर आदर्श विद्या मंदिर, सेंट पॉल स्कूल व सेंट फ्रांसिस स्कूल में पानी भरा।
- पुष्कर सरोवर लबालब भरा। अजमेर जिले में आस्था का केन्द्र, भट बावड़ी गणेश मंदिर पचास साल बाद पानी में डूबा।



*शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे से शुरू हुई मूसलाधार बरसात से अजमेर शहर में बाढ़ जैसे हालात हो गए।*

अजमेर, 18 जुलाई (निसं)। दिन शुक्रवार, तारीख 18, महीना जुलाई, वर्ष 2025 को अजमेर शहर में एक बार फिर बाढ़ के वही हालात नज़र आए, जो 18 जुलाई 1975 में दिखे थे। वह दौर शहर के पुराने लोगों को आज भी याद है। शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे से शुरू हुई मूसलाधार बरसात से अजमेर शहर में बाढ़ जैसे हालात हो गए। मूसलाधार बरसात से शहर की कई कॉलोनियां और सड़क मार्ग जलमग्न हो गये। ख्वाजा साहब की दरगाह परिसर में पानी भर गया। तेज बरसात से चौरसियावास तालाब की पाल टूटने के बाद फ्रेंड्स कॉलोनी, चौधरी कॉलोनी सहित, आस-पास की कॉलोनियों के घरों में पानी भर गया। अंदरकोट इलाके में पहाड़ी का मलबा एक झोपड़ी पर गिर गया, गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। तारागढ़ नई सड़क पर चट्टान गिरने से मार्ग अवरूद्ध हो गया।

जिला कलेक्टर लोक बंधु, नगर निगम आयुक्त देशल दान ने शहर के उन क्षेत्रों का दौरा किया, जहां पानी भर गया है। एसडीआरएफ की टीम ने इन क्षेत्रों में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।

मूसलाधार बारिश के कारण बांडी नदी में पानी की तेज आवक होने से नदी उफान पर आ गई। नदी की एक दीवार गिरने से आस पास की कॉलोनियों में खतरा मंडराने लगा। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंच कर मोर्चा संभाला। टूटी दीवार का मलबा पोकलेन मशीन से बाहर निकाला गया। कोटड़ा स्थित मंगलम अपार्टमेंट की दीवार ढहने से कई कारें क्षतिग्रस्त हो गई। पानी की तेज आवक की वजह से जर्जर दीवार ढह गई और यह हादसा हो गया। अपार्टमेंट में रहने वाले लोग दहशत में है।

बांडी नदी के उफान को देखते हुए, नगर निगम प्रशासन ने पुष्कर रोड को बंद कर दिया। फायर ब्रिगेड की गाड़ी सड़क के बीचों बीच लगाकर यातायात को दोनों तरफ से रोक दिया गया। लोगों ने बताया कि बांडी नदी की एक और दीवार क्षतिग्रस्त होकर गिरने की कगार पर है, जिससे पानी सड़क पर आ सकता है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मूसलाधार बारिश के बाद, जिला कलेक्टर, अजमेर विकास प्राधिकरण के आयुक्त और नगर निगम आयुक्त को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कई कॉलोनियों में पम्प लगाकर पानी निकाला गया। फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी गीता देवी ने बताया कि सुबह ऐसा लगा कि हम आंगन में नहीं, तालाब में खड़े थे। फ्रिज से लेकर रसोई के बर्तन तक, सब पानी में डूब गए।

दरगाह बाजार में बाइक सवार दो युवक बह गए, आस पास खड़े लोगों ने उन्हें बचाया। कई जगह लोग अपने वाहनों को धक्का लगाकर सुरक्षित स्थान तक ले जाते देखे गए।

अजमेर जिला कलेक्टर लोक बंधु और नगर निगम आयुक्त देशल दान ने शहर के जल भराव क्षेत्र का जायजा लिया।

कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम अलर्ट मोड पर है। स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। स्कूलों में भी छुट्टी कर दी गई है। कई स्कूलों में पानी भर गया। पुष्कर रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर, सेंट पॉल स्कूल, सेंट फ्रांसिस स्कूल में पानी भर गया।

तीर्थ नगरी पुष्कर में अल सुबह से हुई बरसात के चलते, सरोवर में करीब 16 फीट पानी की आवक हुई। लगातार मूसलाधार बरसात से नाग पहाड़ी से झरने फूट पड़े, जिससे सरोवर की तीनों फीडर ने विकराल रूप धारण कर लिया और पुष्कर सरोवर लबालब हो गया। खेतों व नर्सरियों में पानी भरने से किसानों को भारी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही हैं। अजमेर व पुष्कर के लोगों की आस्था का प्रतीक भट बावड़ी गणेश मंदिर पचास साल बाद पानी में डूब गया। मंदिर 6 फीट तक डूबा हुआ है।

## जालोर जिले के नदी-नालों में तेजी से पानी आया

जालोर, 18 जुलाई (कासं)। जालोर जिले में शुक्रवार को दिनभर, कभी तेज तो कभी रिमझिम, बारिश का दौर जारी रहने से चारों ओर पानी ही पानी नजर आने लगा है। बारिश के कारण जिले के कई नदी -नालों में पानी की आवक हो रही है।

- शहर के हायर सैकण्डरी स्कूल में पानी भरा। बांकली बाँध व वणधर बाँध में पानी बढ़ा। तिलक द्वार, बड़ी पोल, लाल पोल में तेज गति से बहते पानी के कारण भय का वातावरण।

जालोर में तेज बारिश के कारण शुक्रवार को शहर के कई इलाकों में पानी बहने लगा। आसमान में बादल छाये रहे और दिनभर कभी रिमझिम तो कभी मूसलाधार बारिश के कारण शहर के तिलकद्वार, बड़ी पोल, लाल पोल से पानी तेज गति से बहने लगा। शहर के पंचायत समिति कार्यालय से गिटको होटल तक पानी भर जाने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जालोर में कई जगह निकासी नही होने से कई कॉलोनियों में पानी भर गया। हायर सैकेण्डरी स्कूल में पानी भर जाने से विधार्थियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। बांकली बांध, वणधर बांध सहित, कई बांधों में पानी की आवक हो रही है। भेटाला, सरत कुडा सहित, कई मार्गों पर पानी भर गया है जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। जिले भर में तेज बारिश के कारण मौसम सुहावना हो गया है।

## आप पार्टी ने इंडिया गठबंधन ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

का खेल नहीं है। क्या लोकसभा चुनाव 2024 के बाद उन्होंने कोई बैठक की? क्या इंडिया गठबंधन के विस्तार की कोई पहल हुई? कभी वे अखिलेश यादव की आलोचना करते हैं, कभी उद्धव ठाकरे की, तो कभी ममता बनर्जी की। इंडिया ब्लॉक को एकजुट रहना चाहिए था। कांग्रेस इस गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी है। लेकिन क्या उसने विपक्षी एकता सुनिश्चित करने में कोई भूमिका निभाई?

# जोधपुर के अरना-झरना क्षेत्र में एक युवक की डूबने से मौत

## जोधपुर व पाली में भारी वर्षा से कॉलोनियों में पानी भरा, बनियावास बाँध ओवरफ्लो हुआ

- जोधपुर में शहर के भीतरी क्षेत्र, महामंदिर, पावटा, बासनी, हैवी इंडस्ट्रीज एरिया, पॉल रोड, आदि में सड़कें जलमग्न हुईं व कॉलोनियों में पानी भरा।
- शुक्रवार को जवाई बाँध में पानी का गेज 24.90 फीट दर्ज हुआ। तख्तगढ़, घाणेराव, सादड़ी में तेज वर्षा रिकॉर्ड हुई।

जोधपुर/पाली, 18 जुलाई (कासं)। जोधपुर में रुक-रुककर बारिश का दौर चल रहा है। शहर के कई इलाकों में शुक्रवार को सुबह मूसलाधार बारिश हुई। शहर के भीतरी क्षेत्र, महामंदिर, पावटा, बासनी, हैवी इंडस्ट्रीज एरिया, पाल रोड सहित, कई इलाकों में सड़कें जलमग्न हो गईं और कई कॉलोनियों में भी पानी भर गया।

वहीं, मौसम विभाग ने शनिवार को भी बारिश की संभावना जताई है। अरना-झरना क्षेत्र में तीन युवक पानी में फंस गए। इनमें से दो युवकों को तो लोगों ने सकुशल बाहर निकाल लिया, लेकिन एक की पानी में डूबने से मौत हो गई।

राजीव गांधी नगर थानाधिकारी सुरेश पोटलिया ने बताया कि दोपहर करीब दो बजे तीन युवक अरना-झरना क्षेत्र में घूमने गए थे। यहां पानी में नहाने उतरे, लेकिन ये तीनों वहां फंस गए। इनमें से दो को तो लोगों ने निकाल लिया, लेकिन एक को नहीं बचाया जा सका। गोताखोरों की मदद से उसके शव को बाहर निकाला गया। बाद में उसकी पहचान मूलतः बाड़मेर के रावतसर, हाल केरू रोड पर सुनारों की ढाणी निवासी मुरीद खां (23) पुत्र बाबू खां के रूप में हुई है। वह ट्रक ड्राइवर था और दोस्तों के साथ यहां नहाने आया था। फिलहाल, शव को एमडीएमएच मोर्चरी में रखवाकर उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है। शहर में जुलाई में अब तक कुल 103.5 एमएम बारिश रिकॉर्ड हो चुकी है, जबकि जुलाई की कुल औसत बारिश का रिकॉर्ड 119.7 एमएम है।

पाली शहर में शुक्रवार को फिर बरसात का दौर शुरू हो गया है। शुक्रवार रात दो बजे पाली शहर में बरसात शुरू हुई और दोपहर दो बजे तक, कभी रिमझिम और कभी तेज, बारिश होती रही, जिससे पाली के निकट बनियावास बांध ओवरफ्लो हो गया। इसका पानी नदी में आने से नदी का प्रवाह भी तेज होगा। जिले के देसूरी, सांडेराव और सादड़ी इलाकों में भी बारिश का दौर जारी है। जवाई बांध का गेज शुक्रवार को 24.90 फीट दर्ज किया गया। रणकपुर मघाई नदी में भी पानी की आवक हुई। शहर की सड़कें बरसाती पानी में डूबी नजर आईं। जिले के अधिकतर हिस्सों में अच्छी बरसात के समाचार हैं।

## छत्तीसगढ़ के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

बघेल पूरी तरह से समझौता कर सकते हैं और भाजपा द्वारा चुने गए उम्मीदवारों को टिकट दे सकते हैं।

कई कांग्रेस नेताओं को भाजपा द्वारा उनके गलत कामों या चुप्पी के कारण निशाना बनाया गया है, और उन्हें 'समझौते' के लिए मजबूर किया गया है।

इसी कारण पार्टी में ऊंचे पदों पर बैठे कई वरिष्ठ नेता ऐसे फैसले ले रहे हैं, जो न तो तर्कसंगत हैं और न ही जायज़। जब राहुल गांधी कांग्रेस में विभिन्न राज्यों में फैले भाजपा के 'स्लीपर सेल्स' की बात करते हैं, तो उन्हें खुद अपने एआईसीसी मुख्यालय में बैठे 'नवरत्नों' की ओर भी देखना चाहिए, जो दिखने में तो कांग्रेस के हैं, लेकिन शक्ति उन्हीं से पाते हैं, जो असल में सत्ता में हैं। युवाओं की एक नई टीम बनाकर पार्टी को पुनर्गठित करने की कोशिश में राहुल गांधी कहीं इस ऐतिहासिक पार्टी को अपूरणीय क्षति न पहुँचा दें।

## प्र.मंत्री मोदी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

प्रधानमंत्री ने महिलाओं की भूमिका की विशेष प्रशंसा की और कहा कि राज्य में लखपति दीदियों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने कहा, "मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा शुरू की गई "जीविका दीदी" योजना ने लाखों दीदियों को आत्मनिर्भर बनाने का रास्ता खोला है।"

## क्या एक अमेरिकी ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या किसी अमेरिकी नागरिक को उसके राजनीतिक विचारों या विदेश नीति से जुड़ी प्राथमिकताओं के आधार पर नागरिकता से वंचित किया जा सकता है? क्योंकि उपरोक्त तीन में से दो व्यक्तियों, जो अमेरिकी नागरिक बने थे, के ऊपर पर नागरिकता प्राप्त करने के लिए झूठी जानकारी देने और तथ्यों को छुपाने के आरोप लगे हैं।

जहाँ तक रोज़ी ओ'डॉनेल का सवाल है, वे मैनहैटन में जन्मी थीं और उनके माता-पिता अमेरिकी नागरिक थे। वे जन्म से अमेरिकी नागरिक हैं और विशेषज्ञों का कहना है कि जन्मजात अमेरिकी नागरिक की नागरिकता समाप्त करने का कोई प्रावधान नहीं है।

एलन मस्क को 2002 में और ममदानी को 2018 में अमेरिका की नागरिकता मिली थी। अमेरिकी कानून के अनुसार, किसी व्यक्ति की नागरिकता सिर्फ एक संघीय अदालत (फैडरल कोर्ट) के जरिए ही छीनी जा सकती है। इसके लिए सरकार को अदालत में बिना किसी शर्त यह साबित करना होगा कि नागरिकता गलत तरीके से मिली थी।

गलत जानकारी देने या झूठे दावे करने का सबूत देने की ज़िम्मेदारी राज्य सरकार की होती है और इसे अदालत में सिद्ध करना होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति सहित, कोई भी प्रशासनिक अधिकारी किसी की नागरिकता सीधे नहीं छीन सकता।

मस्क की नागरिकता समाप्त करने की धमकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा तब दी गई, जब मस्क ने कुछ राजनीतिक मुद्दों पर ट्रंप की तीखी आलोचना की। मस्क ने ट्रंप के "बिग एण्ड ब्यूटिफुल बिल" का विरोध किया, जो सरकार को अधिक ऋण लेने का अधिकार देता है।

मस्क ने इस कदम का विरोध किया और कहा कि इस कदम से सरकार की वित्तीय स्थिति और असंतुलित हो सकती है। इस बिल से करीब 3.8 ट्रिलियन डॉलर का अतिरिक्त घाटा और सार्वजनिक कर्ज बढ़ने का अनुमान है। मस्क, छोटी सरकार और सरकारी खर्च में कटौती की वकालत कर रहे हैं।

इन मतभेदों के बाद, मस्क ने अपनी राजनीतिक पार्टी शुरू करने का प्रस्ताव दिया, जिससे ट्रंप और उनके संबंध और अधिक खराब हो गए। इसके बाद ट्रंप ने मस्क को दक्षिण अफ्रीका (जहाँ वे जन्मे थे) वापस भेजने की धमकी दी।

रोज़ी ओ'डॉनेल अब आयरलैंड चली गई हैं और वहाँ की नागरिकता लेने की सोच रही हैं।

उन्होंने दावा किया है कि उनके दादा-दादी आयरिश थे।

लेकिन असली सवाल यह उठ रहा है कि क्या राजनीतिक विचारों और मतभेदों को आधार बनाकर लोगों को दंडित किया जा सकता है? और यदि ऐसा हुआ, तो फिर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का क्या होगा?

## बिहार में बिजली गिरने से 24 घंटे में 19 की मौत

पटना, 18 जुलाई। बिहार में पिछले 24 घंटों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ऑफिस की ओर से जारी बयान के मुताबिक, सबसे ज्यादा पांच मौत नालंदा में हुई, उसके बाद वैशाली (चार), बांका और पटना दो-दो लोगों की मौत हुई।

बयान में बताया गया कि इसके अलावा, शेखपुरा, नवादा, जहानाबाद, औरंगाबाद, जमुई और समस्तीपुर जिलों में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई।

- सबसे ज्यादा 5 मौतें नालंदा में हुईं। प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने का आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन मौतों पर शोक व्यक्त करते हुए, प्रत्येक मृतक के परिजन को चार-चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की और लोगों से खराब मौसम के दौरान पर्याप्त सावधानी बरतने का आग्रह किया।

सीएम नीतीश ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें।

## छात्रा की उत्तर ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

के अन्य पेजों की लिखावट किसी अन्य विद्यार्थी की लग रही थी। याचिका के साथ याचिकाकर्ता का हस्तलिखित पत्र पेश कर कहा गया कि उसकी उत्तर पुस्तिका के अंदर के पेज बदल दिए गए हैं, जिसके चलते उसके इतने कम अंक आए हैं। ऐसे में याचिकाकर्ता की मूल उत्तर पुस्तिका की जांच की जाए और उसकी संशोधित अंकतालिका जारी की जाए। याचिका में यह भी गुहार की गई है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी प्रणाली स्थापित की जाए, जिससे किसी विद्यार्थी के साथ अन्याय नहीं हो। याचिका पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने सीबीएसई के संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए याचिकाकर्ता की उत्तर पुस्तिका से जुडा रिकॉर्ड सुरक्षित रखने को कहा है।

# लड़ाकू विमानों के इंजन बनाने के लिए फ्रांस से डील की भारत ने

## 6100 करोड़ रु. की लागत की इस डील के तहत अब लड़ाकू विमानों के इंजन भारत में ही बनेंगे

नई दिल्ली, 18 जुलाई। भारत अब लड़ाकू विमानों के इंजन भी खुद बनाएगा। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने फ्रांस के साथ मिलकर एक बड़ा प्रोजेक्ट शुरू करने की सिफारिश की है। कहा जा रहा है कि प्रोजेक्ट की लागत करीब 61,000 करोड़ रुपये होगी। ज्ञातव्य है कि, देश के सभी लड़ाकू विमान अभी विदेशी इंजनों पर निर्भर हैं, जिससे उनकी लागत और मेंटिनैंस काफी महंगे पड़ते हैं। माना जा रहा है कि अगले 10 सालों में भारत को 250 से ज्यादा नए जेट इंजन की जरूरत पड़ेगी।

रक्षा मंत्रालय ने इस दिशा में कई स्तरों पर बातचीत और तकनीकी जांच के बाद फ्रांस के साथ साझेदारी को देशहित में बताया है। यह साझेदारी भारत को अपने खुद के फाइटर जेट इंजन बनाने में मदद करेगी। इस योजना के तहत भारत और फ्रांस मिलकर एक 120 किलोन्यूटन (120 केएन) ताकत वाला फाइटर जेट इंजन बनाएंगे, जो भविष्य के एडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) जैसे विमानों में लगेगा। इस प्रोजेक्ट को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का पूरा समर्थन मिला है। प्रोजेक्ट के लिए फ्रांस की कंपनी सैफ्रान और ब्रिटेन की रोल्स रॉयस की ओर से प्रस्ताव मिले थे। लेकिन फ्रांस की कंपनी ने पूरी टेक्नोलॉजी ट्रांसफर की पेशकश की है, जो भारत के लिए बड़ा फायदा हो सकता है। योजना के अनुसार यह फाइटर जेट इंजन भविष्य में बनने वाले लड़ाकू विमानों में इस्तेमाल होंगे, जिसमें एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) भी शामिल है।

## ईडी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

किए थे। अब फिर से आई है। इसका क्या मतलब है? हम पूरी तरह से सहयोग करेंगे, चाहे वे हम पर भरोसा करें या नहीं, हमें लोकतंत्र और न्यायपालिका पर विश्वास है। वे (भाजपा) एजेंसी का दुरुपयोग कर रहे हैं, लेकिन हम फिर भी सहयोग करेंगे।"

उन्होंने छापेमारी के समय पर भी सवाल उठाये। दरअसल, आज ही चैतन्य का जन्मदिन है।

उन्होंने कहा, "दुनिया के किसी भी लोकतंत्र में कोई भी जन्मदिन का ऐसा तोहफा नहीं दे सकता, जैसा सरकार ने दिया है। मेरे जन्मदिन पर मेरे सलाहकार और दो ओएसडी के घर ईडी भेजी थी। और अब मेरे बेटे चैतन्य के जन्मदिन पर, मेरे घर पर ईडी की टीम ने छापा मारा है। इन तोहफों के लिए धन्यवाद। मैं इन्हें जीवन भर याद रखूंगा।"

चैतन्य को रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया।

बघेल ने अदालत परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "आप सभी जानते हैं कि अडानी खनन करना और जंगल काटना चाहते हैं, और कांग्रेस पार्टी इसके खिलाफ खड़ी है। इस कारण यह कार्रवाई की जा रही है।"

बघेल और विधानसभा में विपक्ष के नेता चरणदास महंत राज्य विधानसभा की कार्यवाही का बहिष्कार करने के बाद अदालत पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्रीय जांच एजेंसियां विपक्षी नेताओं और उनके परिवारों को परेशान करने की कोशिश कर रही हैं।

इससे पहले, जब ईडी ने चैतन्य को गिरफ्तार किया था, उनके घर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था, वहीं कुछ कांग्रेस समर्थक भी इकट्ठा थे।

सूत्रों के अनुसार, विशेष पीएमएलए अदालत ने चैतन्य को पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया है।

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल इस महीने की शुरुआत में तहसील मुख्यालय गये थे तथा वहां उन्होंने उन स्थानीय ग्रामीणों का समर्थन किया था, जो कोयला खनन परियोजना के लिए पेड़ काटे जाने का विरोध कर रहे थे। यह खदान महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड को आवंटित की गई है, जिसने अडानी समूह के एमडीओ (माइन डेवलपर-कम-ऑपरेटर) को उसका ठेका दिया है।

## पेपर लीक में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

राठौड़ (27), निवासी गेगल, जिला अजमेर, हाल में निजी सहायक द्वितीय राजस्व मण्डल अजमेर, को गिरफ्तार किया है।

एसओजी की जांच में सामने आया कि उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के तीनों दिवस की लिखित परीक्षा के प्रश्न- उत्तर परीक्षा से पहले बाबूलाल कटारा के सरकारी आवास पर अजमेर में पढ़वाये गए, जिन्हें पढ़कर एवं तैयारी कर लिखित परीक्षा देकर आरोपित अजय प्रताप सिंह ने हिन्दी विषय में 174.28 एवं सामान्य ज्ञान विषय में 150.2 अंक, कुल 324.48 अंक प्राप्त किये और लिखित परीक्षा उत्तीर्ण की। मगर फिज़िकल में फेल हो जाने से अजय प्रताप सिंह का अंतिम चयन नहीं हुआ। इस प्रकरण में अब तक 117 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

नहीं किया, जबकि याचिकाकर्ता ने इसके लिए अनुरोध भी किया था। समिति ने उन्हें व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर नहीं दिया, उनके समक्ष कोई स्पष्ट या संभावित आरोप नहीं रखा गया, और बिना किसी पूर्व सूचना के अवैध रूप से प्रमाण का भार उलट दिया गया। इन सब कारणों से याचिकाकर्ता को प्रभावी बचाव का कोई अवसर नहीं मिला।"

14 मार्च को दिल्ली में जस्टिस वर्मा के सरकारी आवास के आउटरूम में आग लगने पर बड़ी मात्रा में नकदी मिलने के बाद यह पूरा विवाद शुरू हुआ। यह घटना दमकल विभाग की कार्रवाई के दौरान सामने आई थी। इस पर भारी जनाक्रोश के बाद, तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना ने तीन सदस्यीय इन-हाउस जांच समिति गठित की थी। न्यायमूर्ति शील नागू (तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश, पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट) न्यायमूर्ति जी. एस. संधवालया (तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश, हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट) और न्यायमूर्ति अनु शिवरामन (न्यायाधीश, कर्नाटक हाई कोर्ट) इस कमेटी के सदस्य थे।

इसके बाद, न्यायमूर्ति वर्मा को दिल्ली से इलाहाबाद हाई कोर्ट में स्थानांतरित किया गया और उनके न्यायिक कार्य को स्थगित कर दिया गया। समिति ने मई में अपनी रिपोर्ट सीजेआई को सौंप दी थी, जिसे बाद में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजा गया। न्यायमूर्ति वर्मा ने सीजेआई की इस्तीफ़ा देने की सलाह को मानने से इनकार कर दिया था।

जांच समिति ने पाया कि 14 मार्च को आग लगने की घटना, जिसमें नकदी मिली थी, के बाद, न्यायमूर्ति वर्मा का व्यवहार "अप्राकृतिक" था, जिससे संदेह पैदा हुआ। समिति ने 55 गवाहों के बयान दर्ज किए, जिनमें न्यायमूर्ति वर्मा और उनकी बेटी भी शामिल थीं। दमकल विभाग द्वारा लिए गए वीडियो और फोटो साक्ष्यों की भी जाँच की गई।

समिति का निष्कर्ष था कि नकदी उनके आधिकारिक निवास परिसर में बने स्टोर रूम से बरामद हुई और वह स्थान उनके या उनके परिवार के नियंत्रण में था।

नकदी के बारे में संतोषजनक स्पष्टीकरण देने की जिम्मेवारी उनकी ही थी, लेकिन नकदी के बारे में न्यायमूर्ति वर्मा संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे पाए, उन्होंने सिर्फ साफ इनकार किया और षड्यंत्र का आरोप लगाया। इसलिए समिति ने पाया कि उनके खिलाफ कार्यवाही की सिफारिश करने का पर्याप्त आधार है।

# दिल्ली के 45 स्कूलों के साथ बैंगलूरु के 50 स्कूलों को भी मिली बम की धमकी

- दिल्ली में इस सप्ताह यह चौथा मामला है जब स्कूलों को धमकी दी गई है।
- इन धमकियों से स्कूल प्रशासन व अभिभावकों में भारी चिंता है।

नई दिल्ली/बेंगलुरु, 18 जुलाई। देश की राजधानी दिल्ली और बेंगलुरु में शुक्रवार सुबह अचानक उस वक्त हलचल मच गई जब 80 से अधिक स्कूलों को एक जैसे बम की धमकी वाले ईमेल मिले। दिल्ली के लगभग 45 और बेंगलुरु के 50 स्कूलों को निशाना बनाया गया। इस घटना के बाद स्कूलों को एहतियातन खाली करा लिया गया, और बम निरोधक दस्ते के साथ पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें जांच में जुट गईं।

दिल्ली में इस सप्ताह यह चौथा मामला है, जिससे अभिभावकों और स्कूल प्रशासन में चिंता बढ़ गई है।

आज जिन स्कूलों को धमकी मिली, उनमें पीतमपुरा, द्वारका, रोहिणी, संगम विहार, पश्चिम विहार जैसे इलाकों के प्रमुख स्कूल शामिल हैं। इसके अलावा दिल्ली यूनिवर्सिटी के तीन कॉलेजों को भी बम की धमकी मिली है।

बेंगलुरु में भी लगभग 50 स्कूलों को एक ही तरह की धमकी मिली है। पुलिस के अनुसार, "रोडकिल333" नामक एक ईमेल यूजर ने सुबह 7:24 बजे ये संदेश भेजे।

## अमेरिका ने "द रैज़िस्टैंट फ्रंट" ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

(एसडीजीटी) घोषित करना, आतंकवाद का मुकाबला करने और पहलगाम हमले के लिए न्याय की राष्ट्रपति ट्रम्प की अपील को लागू करने के लिए ट्रम्प प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बयान में कहा गया, आज, विदेश विभाग द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को एक नामित विदेशी आतंकवादी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से नामित वैश्विक आतंकवादी (एसडीजीटी) के रूप में शामिल कर रहा है। लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक मुखौटे और प्रॉक्सी, टीआरएफ ने 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 26 नागरिक मारे गए थे।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908